अहमदाबाद ब्रॉडगेज पीएम की नजर में, जरूर मिलेगा बजट : रेल राज्यमंत्री

उदयपुर में भास्कर से कहा, मेवाड़ की उम्मीद पूरी होगी



संजय गौतम | उदयपुर

रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा ने उदयपुर-अहमदाबाद ब्रॉडगेज प्रोजेक्ट जल्द पूरा होने की उम्मीद जगा दी है। बुधवार को फील्ड क्लब में वैवाहिक समारोह में शिरकत करने आए सिन्हा ने कहा कि इस रेल लाइन से गुजरात कनेक्ट होने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खास तवज्जो है। मेवाड़ की जनता उम्मीद रखे कि अगले माह पेश होने वाले रेल बजट में पर्याप्त राशि मिलेगी। जब प्लान बना था तब लागत 825 करोड़ थी। पिछले सालों की तुलना में इस बार अधिक राशि मिलने की उम्मीद है।

किस पर क्या कहा मनोज सिन्हा ने

मावली-बड़ीसादड़ी, व मारवाड़ : मौजूदा स्थिति में प्रोफिटेबल प्रोजेक्ट्स को महत्व देंगे।

निजीकरण की आशंका : जब प्रधानमंत्री खुद ना कह चुके हैं तो स्पष्टीकरण की जरूरत नहीं है

जोन कम होंगे क्या : नहीं। जोनल मुख्यालय और जीएम को पावरफुल बनाए जा रहे हैं।

वारदात : रेलवे सुरक्षा एजेंसियों को सक्षम बना रहे हैं। महिलाओं के लिए फोर्स व हाईटेक इंतजाम रहेंगे।